# सुप्रीम कोर्ट ने स्वत : संज्ञान लेकर सुनवाई तय की

**▸ मामले से जुड़े पक्षों से जवाब मांग सकती है**



नवभारत न्यूज

**नई दिल्ली/भोपाल 23 मई. सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा शर्मा मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए इसकी सुनवाई 25 मई, सोमवार को तय की है.**

अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध किया है. इस मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी. पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल रहेंगे. सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बाद मामले को लेकर कानूनी और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है. सूत्रों के अनुसार, अदालत सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े विभिन्न पक्षों से जवाब मांग सकती है. साथ ही संबंधित अधिकारियों और पक्षकारों को भी आवश्यक दस्तावेज और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए जा सकते हैं. अब इस मामले पर सोमवार को होने वाली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं.

उधर, ट्विशा के परिजनों के वकील अंकुर शर्मा ने कहा 15 मई को एफआईआर दर्ज हुई थी. इसके बाद कटारा थाना प्रभारी और कुछ अन्य लोग आरोपियों के संपर्क में थे. ऐसे लोगों को एसआईटी से हटाने वे कमिश्नर को पत्र लिखेंगे.

जांच टीम से हटाकर जांच के दायरे में लेने की मांग करेंगे. साथ ही यह भी पूछा जाए कि वे आरोपियों के संपर्क में क्यों थे. पहचान छिपाने के लिए समर्थ ने फरारी के दौरान अपना हुलिया भी बदल लिया था. हमेशा क्लीन शेव रहने वाला समर्थ हल्की दाढ़ी में नजर आया. आमतौर पर फॉर्मल लुक में रहने वाला समर्थ इस बार कैजुअल जींस-शर्ट और कैप में दिखाई दिया. उसने चेहरे पर मास्क भी लगा रखा था. ट्विशा के जीजा सौरभ शर्मा ने आरोप लगाया है कि शुरुआत से ही हम लोग कहते आ रहे हैं कि आरोपी समर्थ और उसकी मां गिरिबाला रसूखदार हैं. उन्हें भोपाल पुलिस का संरक्षण मिल रहा है. हमारे परिवार को लगातार गुमराह किया गया.

**समर्थ के वकील ने रिमांड का किया था विरोध**: समर्थ के वकील ज्ञानेंद्र शर्मा ने कहा कि पुलिस ने जांच के लिए 7 दिन की रिमांड मांगी थी. हमने इसका विरोध किया था, क्योंकि बरामद करने के लिए कुछ नहीं है. इसके बावजूद, कोर्ट ने रिमांड दे दी. हमें कोई आपत्ति नहीं है. पहले रिमांड का समय खत्म हो जाए, फिर हम बेल के लिए अप्लाई करेंगे.

### कई एंगल से हो रही जांच

आरोपी समर्थ सिंह को देर रात भोपाल लाया गया है, इसलिए अभी पूछताछ नहीं हो सकी है. रिमांड मिलने के बाद पुलिस उससे घटना वाली रात, पारिवारिक विवाद, मोबाइल चैट, कॉल डिटेल और फरारी के दौरान की गतिविधियों को लेकर पूछताछ करेगी. पुलिस लगातार समर्थ की तलाश में थी, लेकिन इस बात का अंदाजा नहीं था कि वह सीधे कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर देगा. फरार रहने के दौरान किन-किन लोगों ने उसकी मदद की, उसे शरण दी या बचाने की कोशिश की, इसकी भी पहचान की जाएगी. पुलिस अब इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि फरारी के दौरान वह किन लोगों के संपर्क में था? पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है. हमने इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी है.

**समर्थ सिंह का वकालत लाइसेंस सस्पेंड**

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने वकील समर्थ सिंह का वकालत का लाइसेंस शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया. बीसीआई के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने इसके आदेश दिए.

# यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

**▸ आधा घंटे पहले मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे**

**▸ ई प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लाना जरूरी**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 मई .यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को भोपाल सहित देशभर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होने जा रही है.**

इस बार परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आयोग ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं. जिनके तहत परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से आधा घंटा पहले यानी सुबह के सत्र में 9 बजे और दोपहर के सत्र में 2 बजे परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे. इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा. अभ्यर्थियों को परीक्षा सत्र शुरू होने से करीब डेढ़ घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि उनकी बायोमेट्रिक और फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके. आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए गए ई प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट और उसमें दर्ज फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा. जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं हैं, उन्हें अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो और एक घोषणा पत्र लाना होगा. वहीं परीक्षा भवन के भीतर मोबाइल फोन स्मार्ट वॉच डिजिटल घड़ियां बैग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे.

अभ्यर्थी केवल साधारण कलाई घड़ी पहनकर जा सकेंगे. ओएमआर शीट और उपस्थिति पत्रक पर प्रविष्टियों के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करना होगा नियमों का उल्लंघन करने पर उम्मीदवारी रद्द करने और पुलिस कार्रवाई जैसी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है.

### सहायक अनुसंधान अधिकारी की परीक्षा आज

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अनुसंधान अधिकारी एआरओ भर्ती 2024 की परीक्षा भी रविवार को आयोजित की जा रही है. यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक ही सत्र में ऑफलाइन मोड पर ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित होगी. अभ्यर्थियों से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर तय समय पर केंद्रों पर पहुंचने की अपील की गई है.

# समाज का मूल आधार है सहकारिता : सारंग

**▸ आजीविका संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन**



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 मई. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि समाज का मूल आधार सहकारिता है.**

उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से परिवार, समाज, राष्ट्र और दुनिया चलती है. जब तक एक-दूसरे का समन्वय, सहयोग और सहभागिता नहीं होती, तब तक किसी भी काम का परिणाम प्राप्त नहीं किया जा सकता. सारंग शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ में आयोजित हस्तशिल्प से आजीविका संवर्धन संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर सीएफसी कॉमन फैसिलिटी सेंटर का लोकार्पण भी किया. सारंग ने कहा कि राज्य सहकारी संघ द्वारा विभाग की योजना के माध्यम से स्किल ट्रेनिंग प्राप्त करने से रोजगार के अवसर सृजित हो सकेंगे. कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर टूलकिट से अपनी जीविका को गति देने से परिवार की आय में वृद्धि होगी. कार्यक्रम को सहकारिता आयुक्त मनोज पुष्प ने भी संबोधित किया. शुरूआत में राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन ने स्वागत भाषण दिया. इस मौके पर हस्तशिल्प के उप संचालक श्री वैभव यशवंत मोहारे और अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता उपस्थित थे.

सारंग ने कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप 6 महिला प्रतिभागी किरण राजपूत, नीलम यादव, आशा मेहरा, कविता रजक, सोनी यादव और महिमा यादव को कढ़ाई एवं जूट शिल्प का टूलकिट वितरित किया. उन्होंने पुस्तिका 'सहकारिता के नवयुग का शंखनाद' का विमोचन किया.

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष घोषित

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने मोर्चा के नए जिला अध्यक्षों की घोषणा की है.**

जारी सूची के अनुसार उज्जैन नगर का जिलाध्यक्ष जितेंद्र भाटी को बनाया गया है. उज्जैन ग्रामीण की जिम्मेदारी लक्ष्मीनारायण मालवीय को सौंपी गई है. दमोह में बृजेंद्र अहिरवार को यह दायित्व मिला है. मैहर से दीपक चौधरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. जबलपुर में जागेश्वर समुंद्रे को जिम्मेदारी दी गई है. प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलाने में भूमिका निभाएं.उन्होंने उम्मीद जताई कि पदाधिकारी पार्टी को और अधिक मजबूत करने में योगदान देंगे.

## अनहद नाद से गूंजेगा स्टेट म्यूजियम, ध्रुपद की प्रस्तुति आज

**भोपाल, 23 मई.** स्टेट म्यूजियम में 24 मई को बैठक द आर्ट हाउस, भोपाल द्वारा शाम 6:30 बजे से विशेष सांगीतिक प्रस्तुति 'अनहद नाद' का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम का निर्देशन प्रसिद्ध ध्रुपद गायिका सुरेखा कामले ने किया है. 'अनहद नाद' में भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्राचीन ध्रुपद परंपरा को नए और प्रयोगधर्मी अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा.


**FOR SALE**

2 बी.एच.के. फ्लैट तुरंत बेचने हेतु उपलब्ध है। सेमी फर्निश्ड, मोडुलर अलमिराहा के साथ। रायसेन रोड से 200 मीटर की दूरी पर। सी-सेक्टर इंद्रपुरी भोपाल. संपर्क करें 9893566453

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व मे मुझे पारूल सिंह सेंगर के नाम से जाना जाता था अब मुझे मेहता पारूलबेन दुर्गा शंकर के नाम (Mehta Parulben Durga Shankar) से जाना जाए । यह नाम मेरे आधार एवं अन्य दस्तावेज में अंकित है पता - 1 सागर ग्रीन स्टेट, अयोध्या बाय पास रोड, भोपाल (म.प्र.)


# मप्र अकादमी की नितिका आक्रे ने जीता रजत पदक

खेल प्रतिनिधि



**भोपाल, 23 मई. रांची में आयोजित 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी नितिका आक्रे ने महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया है.**

नितिका ने 4.10 मीटर की शानदार छलांग लगाकर न केवल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया, बल्कि एशियन गेम्स 2026 के लिए निर्धारित क्वालीफाइंग मार्क भी हासिल कर लिया. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नितिका आक्रे को इस उपलब्धि पर बधाई दी है.

नितिका की इस उपलब्धि कोच घनश्याम यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है.

# त्रि-भाषा नीति लागू करने के निर्णय का स्वागत

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 मई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप त्रि-भाषा नीति को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्णय का स्वागत किया है.**

परिषद ने कहा कि बोर्ड द्वारा लिया गया यह निर्णय स्कूली शिक्षा को लचीला, समावेशी, भविष्योन्मुखी और परिवर्तनकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो 'विकसित भारत 2047' के संकल्पों और आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. अभाविप ने तीनों भाषाओं में बोर्ड परीक्षा आयोजित कराए जाने की भी मांग की, जिससे ये भाषाएं केवल अधिगम तक सीमित न रहकर मूल्यांकन परक भी हो जिससे इसके दीर्घकालिक परिणाम निकल कर आए. अभाविप मध्य भारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि सीबीएसई द्वारा त्रि-भाषा नीति को लागू करना विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं, संस्कृति और विविधता से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है.

### स्वदेशीकरण के लिए सकारात्मक कदम : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा त्रि-भाषा नीति को पूर्णत: लागू करने का निर्णय भारतीय शिक्षा के स्वदेशीकरण और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है. देश में रोजगार और उच्च शिक्षा के लिए निरंतर बढ़ रहे अंतर-राज्यीय प्रवास को देखते हुए भारतीय भाषाओं का ज्ञान छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर (म .प्र .)

क्रमांक 360 GEM / स्वा.शा./ 2026 — सीहोर, दिनांक 23/5/2026

**निविदा विज्ञप्ति**

संबंधित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओ एवं निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए GEM गवर्मेन्ट ई मार्केट से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दरे आमत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा, कार्य से संबंधित समस्त अर्हताएं एवं आवश्यक दस्तावेज www.gem.gov.in पर देखे जा सकते हैं. निविदा में भाग लेने की अन्तिम तिथि 02-06-2026 सायं 17.00 बजे तक है. निविदा में यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाता है तो वो समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा. संशोधन को GEM पोर्टल www.gem.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा.

| क्र. | निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2026/ B/7576375 | Emulsifiable Larvicidal Oil, Pyrethrum Based Conforming to IS 6014 (V2) (Q3) | 05.00 लाख रु. | 10000/- रु. | 30 दिवस |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर


# 'पांच दशक पांच कदम' का लोकार्पण





निज संवाददाता

**भोपाल 23 मई. दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में शनिवार को समकालीन हिंदी ग़ज़ल पांच दशक पांच कदम पुस्तक का लोकार्पण किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर रहे और मुख्य अतिथि पंकज सुबीर उपस्थित रहे.**

इस अवसर पर विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि पढ़ने से ज्यादा आनंद दुष्यंत को सुनने में आता था. उन्होंने कहा कि लेखक को सम्मान के लालच से दूर रहकर ही सच्चा और सार्थक लेखन करना चाहिए. पंकज सुबीर ने कहा कि लोक में बने रहने के लिए सम्मान से दूरी जरूरी है और लेखक को आलोचकों नहीं, बल्कि पाठकों की चिंता करनी चाहिए.

विनय मिश्र ने कहा कि दुष्यंत से पहले ग़ज़ल की जमीन कठिन थी लेकिन उनके आने के बाद यह आसान और जनसामान्य के करीब हो गई. कमलेश भट्ट कमल ने कहा कि काव्य लोगों को जगाने वाली विधा है. कार्यक्रम में महेश अग्रवाल देवेंद्र आर्य, कमलेश भट्ट कमल, ओम प्रकाश यती और विनय मिश्र सहित कई रचनाकार शामिल हुए . कार्यक्रम का संयोजन आलोक त्यागी ने, संचालन विशाखा राजुरकर ने किया.आभार रामराव वामनकर ने व्यक्त किया.

# नेशनल अंडरग्रेजुएट फिजियोलॉजी क्विज में एम्स पटना बना विजेता



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 मई. एम्स भोपाल के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा 'नेशनल अंडरग्रेजुएट फिजियोलॉजी क्विज़ एट एम्स भोपाल - 7वां संस्करण' का आयोजन किया गया.**

इसमें देशभर की 73 टीमों ने भाग लिया. दो ऑनलाइन स्क्रीनिंग चरणों के बाद शीर्ष पांच टीमों ने अंतिम चरण में भाग लिया, जिसमें एम्स पटना की टीम विजेता बनी. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मेडिकल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, त्वरित निर्णय क्षमता और विषय की गहरी समझ विकसित करना रहा, जिससे भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी. कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. माधवानन्द कर ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं एवं डीन (अकादमिक) प्रो. रजनीश ने विजेताओं को सम्मानित किया.


**आवश्यक सूचना**

## जबलपुर से पुणे एवं बांद्रा टर्मिनस के लिए नियमित साप्ताहिक ट्रेन सेवा शुरु

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा जबलपुर- पुणे स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन को दिनांक 24.05.2026 एवं जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन को दिनांक 29.05.2026 से रेगुलर गाड़ी में परिवर्तित कर चलाया जाएगा, जिसका विवरण निम्न है:-

**20162/20161 जबलपुर ⇌ पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस**

| ट्रेन नं. 20162 जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस | ↓ स्टेशन ↑ | ट्रेन नं. 20161 पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस |
|---|---|---|
| प्रस्थान 13.50 (रविवार) | जबलपुर | आगमन 06.00 (मंगलवार) |
| 14.00-14.02 | मदन महल | 05.38-05.40 |
| 14.58-15.00 | नरसिंहपुर | 04.28-04.30 |
| 16.03-16.05 | पिपरिया | 03.18-03.20 |
| 17.20-17.30 | इटारसी | 02.00-02.10 |
| 18.16-18.18 | हरदा | 00.13-00.15 |
| 20.45-20.46 | बुरहानपुर | 20.31-20.32 |
| 21.45-21.50 | भुसावल | 20.00-20.05 |
| 00.10-00.15 | मनमाड | 17.10-17.15 |
| 01.12-01.15 | कोपरगांव | 15.27-15.30 |
| 01.57-02.00 | बेलापुर | 14.37-14.40 |
| 02.57-03.00 | अहिल्यानगर | 13.32-13.35 |
| 04.33-04.35 | दौंड कॉर्ड लाइन | 12.20-12.22 |
| 06.25 (आगमन सोमवार) | पुणे | 11.20 (प्रस्थान सोमवार) |

**20164/20163 जबलपुर ⇌ बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस**

| ट्रेन नं. 20164 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | ↓ स्टेशन ↑ | ट्रेन नं. 20163 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर एक्सप्रेस |
|---|---|---|
| प्रस्थान 17.00 (शुक्रवार) | जबलपुर | आगमन 15.10 (रविवार) |
| 18.03-18.05 | नरसिंहपुर | 13.18-13.20 |
| 19.03-19.05 | पिपरिया | 12.13-12.15 |
| 20.30-20.45 | इटारसी | 11.00-11.15 |
| 21.03-21.05 | नर्मदापुरम | 09.35-09.37 |
| 22.30-22.35 | भोपाल | 08.25-08.30 |
| 23.03-23.05 | संत हिरदाराम नगर | 08.00-08.02 |
| 02.10-02.12 | उज्जैन | 05.10-05.15 |
| 03.50-03.55 | रतलाम | 02.45-02.50 |
| 07.40-07.50 | वडोदरा | 22.46-22.56 |
| 10.05-10.10 | सूरत | 21.05-21.10 |
| 11.37-11.39 | वापी | 19.37-19.39 |
| 13.23-13.26 | बोरीवली | 16.58-17.01 |
| 14.15 (आगमन शनिवार) | बांद्रा टर्मिनस | 16.30 (प्रस्थान शनिवार) |

**कोच संरचना:** 20162/20161 जबलपुर - पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस: वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, द्वितीय श्रेणी शयनयान-08, एसएलआर-02

**कोच संरचना:** 20164/20163 जबलपुर - बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस: वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, द्वितीय श्रेणी शयनयान-09, सामान्य कोच-04, एसएलआर-02

**परिचालन के दिन**
गाड़ी संख्या - 20162 जबलपुर से प्रत्येक रविवार
गाड़ी संख्या - 20161 पुणे से प्रत्येक सोमवार
गाड़ी संख्या - 20164 जबलपुर से प्रत्येक शुक्रवार
गाड़ी संख्या - 20163 बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक शनिवार

**पश्चिम मध्य रेल**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर
FOLLOW US @wc_railway West Central Railway West Central Railway Official


**बैठक ▸ अधिकारों की जानकारी के अभाव में उपभोक्ता ठगा महसूस कर रहा है**

# उपभोक्ता अधिकारों के लिए कांग्रेस का जागरुकता अभियान



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ ने प्रदेशभर में उपभोक्ता अधिकार जागरूकता अभियान तेज करने का निर्णय लिया है. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आम नागरिक लगातार बाजार की अनियमितताओं और शोषण का शिकार हो रहे हैं.**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. कांग्रेस के महामंत्री एवं सभी विभागों तथा प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान तथा पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि आज उपभोक्ता अपने अधिकारों की जानकारी के अभाव में स्वयं को ठगा और असहाय महसूस कर रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और प्रभावशाली लोग आम जनता को गुमराह कर अप्रत्यक्ष रूप से ठगी का शिकार बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि जागरूकता ही अन्याय के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपभोक्ताओं की लड़ाई में मजबूती से साथ खड़ा होना चाहिए. डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि अधिकांश लोगों को अब भी उपभोक्ता अधिकारों और कानूनी उपायों की पर्याप्त जानकारी नहीं है. उन्होंने बताया कि कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ राज्यभर में उपभोक्ता हेल्पलाइन, नुक्कड़ सभाओं, सोशल मीडिया अभियान और जनसंपर्क के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक जागरूकता अभियान चलाएगा. हरिशंकर शुक्ल ने कहा कि संगठन प्रदेशभर में प्रशिक्षण शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा. बैठक में भारतीय मानक ब्यूरो के प्रतिनिधियों ने उपभोक्ता अधिकारों और गुणवत्ता मानकों पर विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया. कार्यकर्ताओं ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया.